नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणाप्रतापस्नातकोत्तरमहाविद्यालय

## जंगल धूसड़-गोरखपुर

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416

मो.9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................

दिनांक : 03.01.2019

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल धूसड़ में अंग्रेजी विभाग द्वारा तीन दिवसीय अंग्रेजी ग्रामर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर 'एलिमेन्ट्री सेन्टेन्स एण्ड डिफ्रेन्श बिटविन ब्रिटिश एवं अमेरिकन इंग्लिश' विषय पर व्याख्यान देते हुए गवर्नमेन्ट पी0जी0 कालेज, डाढ़ा, कुशीनगर के अंग्रेजी विभाग के आचार्य डॉ0 राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि भाषा पर स्थान, क्षेत्र, देश, भौगोलिक परिस्थिति एवं राजनीतिक परिस्थिति का प्रभाव पड़ता है। ब्रिटिश इंग्लिश तथा अमेरिकन इंग्लिश पर भी यह प्रभाव पड़ा है। यह अन्तर उनके उच्चारण, शब्द संग्रह, शब्दों के चयन एवं उसके वर्तनी पर स्पष्ट देखने को मिलता है। डॉ0 राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि ब्रिटेन में भी अंग्रेजी के भेद स्काटिश इंग्लिश तथा वेल्स इंग्लिश के रूप में देखे जाते है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का संचालन बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा शिवांगी राय ने तथा आभार ज्ञापन श्रीमती कविता मन्ध्यान ने किया कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग के छात्र एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

एक अन्य कार्यक्रम में आधुनिक भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका सावित्री बाई फुले जयन्ती के अवसर पर वाणिज्य विभाग द्वारा 'अर्थशास्त्र के विकास में उद्यमिता का महत्व' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान देते हुए अर्थशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ0 मंजेश्वर ने कहा कि उद्यमियों को राष्ट्रीय सम्पत्ति माना जाता है वे समृद्व समाज के लिए रोजगार का सृजन करते है। उद्यमी देश के राष्ट्रीय आय में वृद्धि करते हैं। उद्यमिता से प्रतिव्यक्ति आय में वृद्वि होती है, फलस्वरूप प्रतिव्यक्ति कर में वृद्वि एवं कर चुकाने वाले व्यक्तियों के संख्या में वृद्वि होती है अन्ततः राजस्व के रूप में सरकारी खजाने भरने लगते है तथा सरकार शिक्षा, स्वास्थ, बीमा, अस्पताल, ऊर्जा, इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि पर और अधिक व्यय कर सकती है। जिससे आर्थिक विकास का एक चक्र बन जाता है। डॉ0 मंजेश्वर ने कहा कि उद्यमिता से सामाजिक जीवन स्तर में सुधार किया जा सकता है। स्वरोजगार के द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आत्म निर्भर बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम में वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ0 राजेश शुक्ल, श्री नन्दन शर्मा सुश्री श्वेता चौबे एवं श्री बागीश राज पाण्डेय सहित शिक्षक विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

(डॉ0 राजेश शुक्ल)
सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी